>

Title: Request to construct a railway underpass in Howrah.

श्री प्रसून बनर्जी (हावड़ा): अध्यक्ष महोदय, मैं हावड़ा संसदीय क्षेत्र से आता हूं। मैं आपके माध्यम से रेलवे मिनिस्टर से रिक्वेस्ट करता हूं कि हावड़ा में एक छोटा जिला बक्सर है। बक्सर आइसलैंड की तरह है। साथ में गंगा नदी है और दूसरी तरफ कोई रास्ता नहीं है। हावड़ा से सोनागाछी तक चार क्रासिंग्स हैं। जब भी क्रासिंग्स बंद होती है, तो लोगों को बहुत परेशानी होती है। यदि कोई एम्बुलेंस उस समय आ जाती है, तो उसे 30 से लेकर 45 मिनट तक इंतजार करना पड़ता है। देरी की वजह से कई बार लोगों की मृत्यु हो जाती है। मैंने बहुत बार रेल मंत्री जी को कहा है कि लोगों को बहुत ज्यादा मुश्किलें हो रही हैं। मेरा मंत्री जी से निवेदन है कि एक अंडर बायपास यहां दिया जाए, ताकि एम्बुलेंस वहां से निकल सके ।